# शासकीय मानकुँवरबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

# आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ

## के अन्तर्गत विभिन्न क्लबों के

# प्रतिवेदन

## सत्र 2018-19

**प्रभारी**
आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ

**प्राचार्य**
शास. मानकुँवरबाई कला एवं वाणिज्य स्वशासी
महिला महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.)

# ज्वाय ऑफ गिविंग क्लब गतिविधियाँ





## प्रकृति क्लब

# प्रतिवेदन

वर्तमान परिदृश्य में पौधे ही पर्यावरण एवं जल संरक्षण के आधार हैं। प्रत्येक मनुष्य अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकता है। इस विचार के साथ महाविद्यालय में प्रकृति क्लब द्वारा वृक्षारोपण एवं प्लास्टिक मुक्त कैम्पस कार्यक्रम दिनांक 19.08.2017 को महाविद्यालय में आयोजित किया गया। जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव ने सभी को सम्बोधित कर आह्वान किया कि सभी अपने घरों के आसपास अधिक से अधिक वृक्ष लगायें और आसपास के वातावरण को प्लास्टिक मुक्त रखें। साथ ही छात्राओं ने पर्यावरण को प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से सभी को अवगत कराया तथा यह प्रण लिया कि वे पॉलिथिन का उपयोग अपने दैनिक जीवन में नहीं करेंगी तथा पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त करने में अपना योगदान देंगी। कार्यक्रम में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरुणा, डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी आदि का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में 20 छात्रायें उपस्थित रहीं।

डॉ. किरण कुमार
प्रकृति क्लब प्रभारी

# प्रकृति क्लब गतिविधियाँ



Tree Plantation and Environment Awareness Program



# छात्र–मित्र योजना सत्र 2018–19

# प्रतिवेदन

शासन की नीतियों के अनुपालन करते हुए महाविद्यालय में आन्तरिक आश्वस्ति प्रकोष्ठ द्वारा छात्राओं के सम्पूर्ण विकास के लिए विभिन्न क्लबों की स्थापना की गई। इसी श्रृंखला में छात्रा कल्याण हेतु छात्र मित्र योजना भी शामिल की गई जिसमें छात्राओं के विकास हेतु समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रमों को सम्पन्न किया जाता है।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में आन्तरिक आश्वस्ति गुणवत्ता प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुधा मेहता के सहयोग से छात्र मित्र योजना प्रभारी डॉ. नुपूर निखिल देशकर द्वारा दो कार्यक्रमों को सम्पन्न कराया गया।

दिनांक 13/09/2018 को नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक द्वारा चुनावी वर्ष को देखते हुए मतदान एवं सामान्य ज्ञान से संबंधित परिचर्चा करते हुए प्रश्नमंच का आयोजन किया गया जिसमें महाविद्यालय की 200 छात्राओं की प्रतिभागिता रही। इसमें प्रत्येक प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं विजयी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार प्रदान किये गए। प्रश्नमंच का संचालन श्री धीरज अग्रवाल एवं मंच संचालन छात्रमित्र योजना प्रभारी डॉ. नुपूर निखिल देशकर ने किया।

इसी श्रृंखला में दिनांक 26/09/2018 को एक कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेहरू युवा केन्द्र के जिला समन्वयक श्री धीरज अग्रवाल ने केन्द्र शासन की रोजगार उन्मुखी योजनाओं से अवगत कराया। उपरोक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय की 75 छात्राओं की प्रतिभागिता रही।

• • •

# सामान्य ज्ञान परीक्षा– 2018–19

# प्रतिवेदन

आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में गठित बुक रीडिंग क्लब ने जयपुरिया इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट के सौजन्य से एक सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता दिनांक 10/09/2018 को आयोजित की। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की लगभग 92 छात्राओं ने भाग लिया।

जयपुरिया इन्स्टीट्यूट मैनेजमेंट के डायरेक्टर श्री हर्षवर्धन हरावे ने छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, टाइम मैनेजमेंट, तर्क शक्ति, विषय ज्ञान की अपेक्षा भाषा की पकड़, प्रभावशाली प्रभाव संचार विश्लेषण की क्षमता एवं आंकड़ों की व्याख्या आदि पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ. गीता श्रीवास्तव ने संबोधित किया तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में असफलता के डर को समाप्त करने पर बल दिया।

परीक्षा में प्रथम, द्वितीय छात्राओं को प्रमाण पत्र तथा 5000/– रु. की राशि का गिफ्ट वाउचर भी प्रदान किया जो कि जयपुरिया इन्स्टीट्यूट, इन्दौर के सौजन्य से था।

| | |
|---|---|
| प्रथम स्थान | – उर्मिला ठाकुर, काजल ठाकुर |
| प्रथम रनरअप | – पूजा साहू, द्रोपती चढ़ार |
| द्वितीय रनरअप | – मानसी द्विवेदी, कविता मल्लाह |

इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आन्तरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉ. सुधा मेहता का योगदान महत्वपूर्ण रहा जिन्होंने अन्त में आभार व्यक्त किया। बुक रीडिंग क्लब प्रभारी डॉ. सुनीता मिश्रा, डॉ.मीनू मिश्रा के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अंग्रेजी विभाग की डॉ. उषा कैली, प्राध्यापक ने अंग्रेजी से हिन्दी में प्रश्नों का अनुवाद करके छात्राओं को समझाया। प्रतियोगी परीक्षा में सहयोग प्रदान किया।

डॉ.सुनीता मिश्रा, डॉ. मीनू मिश्रा
प्रभारी, बुक रीडिंग क्लब

# बुक रीडिंग क्लब गतिविधियाँ

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन






# बुक रीडिंग क्लब

# 'पढ़े जबलपुर कार्यक्रम'

# प्रतिवेदन

आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के तत्वावधान में दिनांक 09/10/18 को बुक रीडिंग क्लब द्वारा छात्राओं में पढ़ने की आदत विकसित करने के लिए 'पढ़े जबलपुर' कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने सक्रिय सहभागिता की पुस्तक पढ़ने से क्या लाभ हैं। इस पर हिन्दी विभाग के प्राध्यापक डॉ. बी.एम. तिवारी ने छात्राओं को उद्बोधित किया और कहा कि पुस्तक पढ़ने से व्यक्तित्व का रचनात्मक एवं कल्पनात्मक पक्ष विकसित होता है। पुस्तक अध्ययन के स्थान कोई भी तकनीकी माध्यम नहीं ले सकता है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. मीनू मिश्रा ने आभार प्रदर्शन किया कार्यक्रम में आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के सभी प्राध्यापक डॉ. नीना उपाध्याय, डॉ. अर्चना देवलिया का सक्रिय सहयोग रहा। रीडिंग क्लब समिति की प्रभारी डॉ. सुनीति मिश्रा एवं ग्रंथालय की ग्रंथपाल डॉ. रजनी शर्मा एवं सभी कर्मचारियों का सकारात्मक सहयोग मिला। कार्यक्रम में 20 छात्रायें उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम आयोजन प्रभारी

डॉ. सुनीता मिश्रा

डॉ. मीनू मिश्रा

# बुक रीडिंग क्लब गतिविधियाँ

## 'पढ़े जबलपुर' कार्यक्रम का आयोजन



# हेरीटेज क्लब

# एक दिवसीय कार्यशाला

# प्रतिवेदन

हेरीटेज क्लब के अन्तर्गत दिनांक 28/09/2018 को इन्टैक जबलपुर चैप्टर के तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन मानकुँवरबाई महाविद्यालय में किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं की छात्रायें उपस्थित रहीं। कार्यशाला में इन्टैक का परिचय, प्राचीन धरोहर के अन्तर्गत सांस्कृतिक हेरीटेज, खान-पान, रहन-सहन तथा भवन मूर्ति, चित्रकला से संबंधित विस्तृत जानकारी दिल्ली से सुश्री शिखा रावत द्वारा छात्राओं को पॉवर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रदान की गई। वर्कशॉप के द्वितीय सत्र में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया तथा धरोहरों के प्रति जिज्ञासा उत्पन्न की गई। ग्रुप बनाकर जबलपुर की धरोहरों को चार्ट के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तत्पश्चात छात्राओं को प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। 55 छात्रायें लाभान्वित रहीं।

कार्यशाला में इतिहास विभाग एवं हेरीटेज क्लब के सदस्य डॉ. आर.एन. श्रीवास्तव एवं डॉ. अर्चना देवलिया का सक्रिय सहयोग रहा।




डॉ. गीता श्रीवास्तव
प्राचार्य
का उद्बोधन




डॉ. शिखा रावत
मुख्य वक्ता
इंटेक मुख्यालय नई दिल्ली

# हेरीटेज- क्लब



डॉ. शिखा रावत, मुख्य वक्ता (इंटेक नई दिल्ली)
का कार्यशाला में व्याख्यान



कार्यशाला में भाग लेने वाले सहभागी

# स्वास्थ्य क्लब

## 'स्वस्थ नारी स्वस्थ प्रदेश'

## प्रतिवेदन

म.प्र. शासन द्वारा दी गई थीम पर महाविद्यालय के स्वास्थ्य क्लब द्वारा त्रिदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की समस्त प्राध्यापकों, छात्राओं एवं महिला कर्मचारियों के लिये हीमोग्लोबिन जांच का आयोजन किया गया नेताजी सुभाषचन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज की पैथोलाजी टीम डॉ. नेहा पटेल, डॉ. गौतम, श्री गोपाल नेमा एवं उनकी टीम द्वारा रक्त परीक्षण किया गया परीक्षण के दौरान चौंकाने वाले परिणाम प्राप्त हुये छात्राओं में हीमोग्लोबीन की कमी पायी गई। गृह विज्ञान विभाग द्वारा उन्हें पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गयी ताकि वे आहार द्वारा हीमोग्लोबीन का स्तर बढ़ा सकें।

शिविर का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव के संरक्षण में एवं डॉ. सुधा मेहता एवं डॉ. कल्पना गुप्ता के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. अरुणा, डॉ. किरण कुमार का सहयोग रहा। डॉ. अंजना धुर्वे, डॉ. तनवीर खान एवं श्वेता धुर्वे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभायी। शिविर में लगभग 800 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया।

• • •

# स्वास्थ्य क्लब गतिविधियाँ





# स्वरोजगार उन्मुखी मेले का आयोजन

## प्रतिवेदन

गृह विज्ञान विभाग द्वारा स्वरोजगार मेला व स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करना उद्देश्य को ध्यान में रखते हुये स्वरोजगार मेले का आयोजन 30 अक्टूबर 2018 को किया गया। छात्राओं ने स्वयं बनाई हुई वस्तुओं पापड़ बड़ी, चिप्स, दिये के स्टॉल लगाये। भेलपुरी चाट, फुल्की, रांगोली, जूस आदि के स्टॉल लगाये। मेले का उद्देश्य केवल मनोरंजन ही नहीं वरन् छात्राओं में रोजगार के प्रति रूझान, स्वावलंबी बनाना, जीविकोपार्जन हेतु व्यवसाय के रूप में किसी कार्य को करना, स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने के लिये प्रेरित करना है।

इसी उद्देश्य को लेकर मेले का सफलता पूर्ण आयोजन किया गया। विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. कल्पना गुप्ता, डॉ. अंजना धुर्वे, डॉ. तनवीर खान, डॉ. श्वेता धुर्वे के मार्गदर्शन में छात्राओं ने मेला में स्टॉल लगाया। छात्राओं को 'कितनी लागत एवं कितना फायदा' हुआ इस बात की जानकारी प्राप्त हुई कि धन कमाने के लिये मेहनत, लगन की आवश्यकता होती है। छात्राओं को व्यवहारिक ज्ञान की प्राप्ति भी मेले का उद्देश्य था।

गृहविज्ञान विभाग द्वारा राखी बनाने का प्रशिक्षण छात्राओं को दिया गया। छात्रायें इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया है राखी निर्माण के साथ ही साथ ग्रीटिंग, शुभकामना संदेश भी बनाना सीखा। ये राखियाँ एवं संदेश फौजी भाइयों के लिये भेजी जायेंगी। प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव के संरक्षण में डॉ. कल्पना गुप्ता के मार्गदर्शन में डॉ. अंजना धुर्वे के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। तनवीर खान, श्वेता धुर्वे की उपस्थिति में प्रशिक्षक शर्मिला जैन द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

डॉ. कल्पना गुप्ता
सहा. प्राध्यापक
गृह विज्ञान विभाग

# स्वरोजगार मेले का आयोजन





# शोध समिति

# प्रतिवेदन

महाविद्यालय की शोध समिति शोध परक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये सतत् कार्य करती है। शोध में अभिरुचि रखने वाली छात्राओं को चिन्हित कर उन्हें शोध क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रोत्साहित करता है।

इस सत्र में प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव शोध समिति के संयोजक डॉ. राजीव जैन ने महाविद्यालय को शोध केन्द्र के रूप में संबद्धता दिलाने हेतु प्रस्ताव तैयार किया गया एवं महाविद्यालय की अकादमिक परिषद में प्रस्तुत किया गया। प्रस्ताव स्वीकृत होने के पश्चात रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आर्डिनेन्स के अनुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया एवं संबद्धता शुल्क जमा करने की कार्यवाही की गई।

इसके उपरांत महाविद्यालय संगीत विभाग एवं वाणिज्य विभाग का निरीक्षण विश्वविद्यालय की टीम द्वारा किया जा चुका है। महाविद्यालय के अन्य विभागों द्वारा निरीक्षण कराने की प्रक्रिया पूर्ण कराने हेतु विभागाध्यक्ष कार्यवाही कर रहे हैं।

शोध समिति एवं संगीत विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजना प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं डॉ. के.एल.जैन अतिरिक्त संचालक उच्चशिक्षा के मुख्य आतिथ्य एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्री दिलीप दुबे के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. दिवाकर कश्यप (खैरागढ़) व डॉ. प्रभाकर कश्यप (अमृतसर) का शास्त्रीय गायन में जुगलबंदी था। डॉ. चंद्र कुमार चौरसिया, ललितपुर उ.प्र., डॉ. श्रुति मिश्रा (पटना, बिहार), डॉ. भावना माथुर (जयपुर, राजस्थान), श्री किशन प्रकाश (छपरा, बिहार) व टी टोपराज पटैल (छ.ग.) आदि कलाकारों ने परिसंवाद में अपनी सहभागिता दी। राष्ट्रीय परिसंवाद आयोजन समिति के संयोजक डॉ. राजीव जैन, डॉ. स्मृति शुक्ला, सह संयोजक डॉ. मीरा काले, संगीत विभाग की डॉ. पृथा बैनर्जी, डॉ. अखिलेश सप्रे, डॉ. चंचल आचार्य, श्रीमती सविता दास गुप्ता, सुश्री रोलीराज व सुदामा प्रसाद नामदेव के अतिरिक्त महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस परिसंवाद में प्रस्तुत राग दुर्गा, ठुमरी, तराना, गजल आदि प्रस्तुत किये गये। इन प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का मन मोह लिया। इस परिसंवाद में शोध छात्राओं की भी भागीदारी रही। यह परिसंवाद अत्यंत स्तरीय एवं छात्राओं के लिये अत्यंत उपयोगी था। 75 छात्रायें परिसंवाद में उपस्थित रहीं।

डॉ. राजीव जैन, डॉ. स्मृति शुक्ला

# ई–क्लब

# प्रतिवेदन

महाविद्यालय के ई–क्लब द्वारा सत्र 2018–19 में निम्नलिखित कार्य संपादित किये गये–

1. दिनांक 29/09/2018 को मुख्यमंत्री जी का छात्राओं के साथ सीधा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 315 छात्रायें उपस्थित रहीं।
2. दिनांक 12/12/2018 को 'स्टेट बैंक YONO एप प्रमोशन' कार्यक्रम का आयोजन दो चरण में विद्यार्थियों एवं स्टॉफ हेतु किया गया। 245 छात्रायें उपस्थित रहीं।
3. दिनांक 29/01/2019 को माननीय प्रधानमंत्री का सीधा संवाद कार्यक्रम 'परीक्षा पर चर्चा' का आयोजन छात्राओं एवं स्टॉफ हेतु आयोजित किया गया। जिसमें 310 छात्रायें उपस्थित रहीं।
4. छात्राओं के मतदाता परिचय पत्र बनवाने हेतु ई–क्लब एवं अन्य प्राध्यापकों के सहयोग से www.nvsp.in पर आवेदन करवाया गया।
5. ई–क्लब एवं आई.टी. सेल द्वारा वर्ष भर महाविद्यालयीन गतिविधियों का प्रकाशन महाविद्यालय के फेसबुक पेज पर किया जाता है। (Govt Mankunwarbai mahavidyalaya) Page ID 1705479219698767)
6. ई–क्लब एवं आई.टी. सेल द्वारा विशुद्ध कार्यालयीन संवाद हेतु what's app group का निर्माण किया गया है।
7. ई–क्लब द्वारा वर्ष भर छात्राओं को ई–लर्निंग स्त्रोतों द्वारा पठन–पाठन बेहतरी हेतु मार्गदर्शन दिया जाता है।
8. ई–क्लब, आई.टी. सेल एवं वर्ल्ड बैंक समिति द्वारा भूतपूर्व छात्राओं का डेटाबेस तैयार किया गया ताकि 'बल्क मैंसेजिंग' द्वारा आवश्यक सूचनाओं का प्रसार समय पर किया जा सके।
9. ई–क्लब द्वारा आई.टी. सेल एवं वर्ल्ड बैंक समिति द्वारा भूतपूर्व छात्राओं को जोड़ने हेतु what's app group का निर्माण किया गया जिससे सार्थक संवाद समय पर संभव हो सके।

डॉ. उषा केल्नी
प्राध्यापक, अंग्रेजी

## साहित्यिक क्लब

# प्रतिवेदन

आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ द्वारा गठित साहित्यिक क्लब के माध्यम से छात्राओं को सृजनशीलता की ओर उन्मुख किया गया। छात्राओं की अभिरुचि के अनुकूल उन्हें स्वरचित काव्यपाठ के लिए छोटे-छोटे विषय देकर प्रोत्साहित किया गया। मौलिक लेखन व विचार तथा भावों की सुन्दर अभिव्यक्ति के लिए कक्षाओं में भाषण, रचनात्मक लेखन व परिचर्चा का आयोजन विविध विषयों के द्वारा किया गया। महात्मा गाँधी शताब्दी वर्ष, विवेकानन्द जी तथा अन्य महापुरुषों के जीवन-चरित्र पर लेख व भाषण का आयोजन किया गया। युवा उत्सव में भाग लेने वाली छात्राओं को रचनात्मक लेखन, भाषण, वाद-विवाद तथा परिचर्चा के लिए दिए गए विषयों पर मार्गदर्शन दिया गया।

डॉ. नीना उपाध्याय

## वर्तनी सुधार क्लब

# प्रतिवेदन

आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ द्वारा गठित वर्तनी सुधार क्लब में छात्राओं को भाषा सुधार के साथ ही उच्चारणगत एवं वर्तनीगत अशुद्धियों को दूर करके उन्हें शुद्ध लेखन लिखना सिखाया गया। सूक्तियों का भाव बताते हुए उसका पल्लव करना सिखाया गया। छात्राओं ने प्राथमिक कक्षाओं से की जाने वाली अशुद्धियों को समझा और उसे उच्चारण में सुधारते हुए, वर्तनी में भी शुद्ध रूप से सुधार किया। इन अशुद्धियों में वाक्यगत, व्याकरणगत, शब्द और शब्दार्थगत अशुद्धियों को छोटे-छोटे वाक्यों से लेकर बड़े अनुच्छेदों तक सही तरीके से लिखते हुए सुधार किया। इस क्लब से बी.ए./बी.कॉम. प्रथम वर्ष से लेकर एम.ए. की छात्रायें भाषा सुधार व वर्तनी सुधार से लाभान्वित हुई।

डॉ. अरुण कुमार मिश्र

## सृजनात्मक क्लब

# प्रतिवेदन

महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सृजनात्मक क्लब का गठन सत्र 2018-19 में छात्राओं के लिए किया गया। दिनांक 03/08/2018 को प्रभारी प्रकोष्ठ द्वारा क्लबों की बैठक ली गई। इस बैठक में सहभागिता कर क्लब के निर्देशों की जानकारी अनुसार छात्राओं की सृजनशीलता को गति देने के लिए दिनांक 24/09/2018 आलेखन (डिजाइन) का प्रशिक्षण देने हेतु महाविद्यालय की छात्राओं के लिए निःशुल्क पंजीयन एवं आलेखन प्रशिक्षण की सूचना प्रसारित की गई।

महाविद्यालय की कुल 28 इच्छुक छात्राओं ने सृजनात्मक क्लब की सदस्यता ग्रहण की एवं अपना पंजीयन कराया।

दिनांक 28/09/2018 एवं 29/09/2018 को स्थान गृहविज्ञान विभाग में आलेखन सम्बन्धी जानकारी एवं उपयोगिता के संबंध में व्याख्यान दिया गया।

आलेखन बनाने हेतु बेसिक जानकारी से छात्राओं को अवगत कराया गया। ज्यामितीय आकार द्वारा आलेखन बनाने की तकनीकी जानकारी देकर डिमांसट्रेशन द्वारा आलेखन तैयार करने की विधि का प्रशिक्षण दिया गया।

इन्हीं आलेखनों के आधार पर बंगाल की पारंम्परिक अल्पना का परिचय छात्राओं को दिया गया।

चांवल के घोल तथा रूई के माध्यम से किस प्रकार अल्पना बनाई जाती है इसका डिमांसट्रेशन दिया गया। जिसमें पारम्परिक आलेखनों एवं फ्री हेन्ड डिजाइनों के कैसे तैयार किया जाता है ?

इस प्रशिक्षण से छात्राओं ने गृह विज्ञान विषय के प्रायोगिक परीक्षा में अल्पना एवं रांगोली बनाने में उन्हें काफी मदद मिली। इस प्रकार सृजनात्मक क्लब ने कलात्मक गतिविधि से छात्रायें लाभान्वित किया और अपनी सार्थकता प्रमाणित की।

संयोजक एवं प्रशिक्षक

डॉ. सुनीति सेन

प्राध्यापक, चित्रकला

# सृजनात्मक क्लब गतिविधियाँ





# सृजनात्मक क्लब गतिविधियाँ





## 'लोकतांत्रिक भावना उद्दीपन क्लब'

# प्रतिवेदन

महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ के तत्वावधान में लोकतांत्रिक भावना उद्दीपन क्लब का गठन किया गया। क्लब का उद्देश्य छात्राओं में लोकतांत्रिक भावना का विकास करना है।

यह वर्ष चुनावी वर्ष या देश में विधान सभा एवं लोकसभा चुनाव हुए। क्लब की प्रभारी डॉ. संध्या चौबे एवं डॉ. सुनीता मिश्रा द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन छात्राओं द्वारा कराया गया। जैसे- पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता, रैली, मतदान हेतु शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरुणा एन.एस.एस. प्रभारी का विशेष सहयोग रहा।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गीता श्रीवास्तव के निर्देशन एवं सहयोग से कार्य पूर्ण सफलता के सम्पन्न हुआ। अंत में आंतरिक गुणवत्ता आश्वस्ति प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. सुषमा मेहता के सहयोग की भी आभारी हूँ जिन्होंने समय-समय पर उत्साहवर्धन किया।

डॉ. संध्या चौबे
प्रभारी
लोकतांत्रिक भावना उद्दीपन क्लब

# लोक तांत्रिक भावना उद्दीपन क्लब की गतिविधियाँ







# लोक तांत्रिक भावना उद्दीपन क्लब की गतिविधियाँ







# लोक तांत्रिक मावना उद्दीपन क्लब की गतिविधियाँ





**पहले मतदान - फिर जलपान।**

**जागरूक मतदाता सशक्त भारत ।।**